भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2581

उत्तर देने की तारीख 09 मार्च, 2026
18 फाल्गुन, 1947 (शक)

विद्यालयों और महाविद्यालयों में एनएसएस को लागू करना

2581. श्री नारायण तातू राणे:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों विशेषकर महाराष्ट्र के विद्यालयों और महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) जैसी कितनी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं;

(ख) देश में विशेषकर महाराष्ट्र में ऐसे प्रशिक्षण के लिए नामांकित लड़के और लड़कियों की संख्या कितनी है;

(ग) महाराष्ट्र में युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) द्वारा अब तक कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं; और

(घ) क्या युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविरों के लिए नेहरू युवा केन्द्र संगठन के अंतर्गत कोई वार्षिक योजना तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) एवं (ख) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय (एमओवाईएएस) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) देशभर में +2 स्तर के विद्यालयों तथा महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में क्रियान्वित की जा रही है, जिसका उद्देश्य स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना तथा युवाओं में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्यों को स्थापित करना है।

यह योजना शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से महाराष्ट्र सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रही है। वर्ष 2025-26 के लिए महाराष्ट्र में एनएसएस में नामांकित लड़कों और लड़कियों की संख्या इस प्रकार है :

लड़के – 180328
लड़कियाँ – 176472
कुल – 356800 स्वयंसेवक

(ग) युवाओं को बुनियादी व्यवसायों में शिक्षित करने और समाज में उनका आत्मसम्मान बढ़ाने; उन्हें अन्य एजेंसियों से कौशल विकास प्रशिक्षण लेने के लिए मार्गदर्शन देने और युवा महिलाओं एवं पुरुषों को उनके दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं और चिंताओं का समाधान करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से महाराष्ट्र सहित देशभर में माय भारत (पूर्व एनवाईकेएस) द्वारा आधारभूत व्यवसायिक शैक्षिक कार्यक्रम/कौशल आधारित उद्यमिता कार्यक्रम चलाया गया था।

हालाँकि, यह कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में वार्षिक कार्ययोजना का हिस्सा नहीं था।

(घ) माय भारत (पूर्व एनवाईकेएस) वार्षिक कार्य योजना 2025–26 के अंतर्गत “फ्यूचर यूथ लीडर्स बूटकैंप” का आयोजन कर रहा है, जो जमीनी स्तर पर युवा नेताओं की पहचान, प्रशिक्षण और पोषण के लिए एक संरचित मंच है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना है, जिससे वे अपने समुदायों और अन्यथा भी परिवर्तन के वाहक बन सकें।

*****